प्रभास ने अनुष्का शेट्टी को बताया स्वीटी

अनुष्का शेट्टी अपनी आगामी फिल्म 'घाटी' से सिनेमाघरों में वापसी को तैयार हैं. 5 सितंबर को रिलीज होने वाली इस फिल्म को लेकर शुरू से ही क्रेज बना हुआ है. फैंस एक बार फिर अनुष्का शेट्टी को बड़े पर्दे पर देखने के लिए उत्साहित हैं. अब फिल्म की रिलीज से एक दिन पहले अभिनेता प्रभास ने अनुष्का शेट्टी को फिल्म के लिए शुभकामनाएं दी हैं. साथ ही फिल्म के ट्रेलर की तारीफ भी की है.प्रभास ने अपने इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी साझा की है. इसमें उन्होंने घाटी के रिलीज ट्रेलर का लिंक भी मेंशन किया है. साथ ही फिल्म की तारीफ करते हुए अनुष्का शेट्टी को शुभकामनाएं भी भेजी हैं. प्रभास ने अपनी स्टोरी में लिखा, 'घाटी का रिलीज ट्रेलर काफी शानदार और प्रभावी लग रहा है. तुमको इस दमदार किरदार में देखने के लिए उत्सुक हूं स्वीटी. 'घाटी' की पूरी टीम को मेरी तरफ से शुभकामनाएं. "घाटी' पिछले काफी वक्त से टल रही है. अब अंतत: फिल्म रिलीज होने जा रही है. कृष जगरलामुदी द्वारा निर्देशित 'घाटी' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म है, जिसमें अनुष्का शेट्टी एक दमदार अंदाज में नजर आ रही हैं. फिल्म के ट्रेलर में कुछ एक जगह वो जहां, काफी सीधी-साधी नजर आती हैं, तो वहीं कई जगह वो जबरदस्त एक्शन करते भी दिखती हैं.'घाटी' से अनुष्का शेट्टी लगभग दो साल बाद बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं. अनुष्का आखिरी बार साल 2023 में आई फिल्म 'मिस शेट्टी मिस्टर पोलिशेट्टी' में नजर आई थीं.

जान्हवी और वरुण का धाकड़ अंदाज थिरकने को करेगा मजबूर

बॉलीवुड अभिनेत्री जाह्नवी कपूर का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' का गाना बिजुरिया लोगों के दिलों में बस जाएगा. जाह्नवी कपूर की फिल्म 'परम सुंदरी' हाल ही में प्रदर्शित हुई है. अब वह अपनी अगली फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' के प्रमोशन में जुट गई हैं.

भावनात्मक और गहन किरदार निभाने वाली जाह्नवी इस बार एक नए और ताज़ा अंदाज़ में नज़र आएंगी, जिसका अंदाज़ा फिल्म के टीज़र से ही लगाया जा सकता है. फिल्म के मेकर्स ने पहला गाना 'बिजुरिया' रिलीज कर दिया है, जिसमें जाह्नवी और वरुण धवन की जोड़ी दर्शकों का दिल जीत रही है. जाह्नवी कपूर ने कहा, बिजुरिया हमेशा से ऐसा गाना रहा है जो आपको उठकर नाचने पर मजबूर कर देता है. इस गाने को फिर से इस फिल्म में लाना मेरे लिए बेहद मज़ेदार अनुभव रहा. इसका नया वर्ज़न पुराने जादू और नई ताज़गी का ऐसा परफेक्ट मिश्रण है, जिसे सुनकर नाचने से खुद को रोक पाना मुश्किल है. वरुण और पूरी टीम के साथ शूटिंग करना शानदार रहा.मुझे पूरा यक़ीन है कि यह गाना लोगों के दिलों में बस जाएगा.

स्वरा धीरे-धीरे काम पर वापस लौट रही हैं. उन्हें टीवी रियलिटी सो पति पत्नी और पंगा में देखा जा रहा है. इस शो में उन्होंने पति फहाद अहमद के साथ एंट्री ली है. शो में वो पति संग खूब मस्ती और टांग खिंचाई करती दिखती हैं.अब दोनों का शो से एक वीडियो वायरल है.

स्वरा और फहाद के बीच हुआ पंगा

एक्ट्रेस स्वरा भास्कर ने काफी समय से फिल्मों से दूरी बनाई है. बेटी के जन्म के बाद उन्होंने एक्टिंग से ब्रेक लिया और पूरा फोकस बेटी की परवरिश पर लगाया. अब स्वरा धीरे-धीरे काम पर वापस लौट रही हैं. उन्हें टीवी रियलिटी सो पति पत्नी और पंगा में देखा जा रहा है. इस शो में उन्होंने पति फहाद अहमद के साथ एंट्री ली है. शो में वो पति संग खूब मस्ती और टांग खिंचाई करती दिखती हैं.अब दोनों का शो से एक वीडियो वायरल है.

इस वीडियो में फहाद स्वरा की शक्ल और अक्ल को लेकर बोल रहे हैं. दरअसल, शो में एक टास्क था जिसमें पति और पत्नी को एक-दूसरे से रिलेटेड कुछ जवाब देने थे. इसी दौरान फहाद बोलते हैं- अक्ल मेरे अंदर इससे ज्यादा है. शक्ल में हम दोनों की 19-20 का ही फर्क है. ये सुनकर स्वरा हंसने लगती हैं और थोड़ा शॉक्ड भी रह जाती हैं.

स्वरा बोलती हैं कि मैं अपना जवाब बदलना चाहती हूं. इस आदमी को लगता है कि इसकी और मेरी शक्ल 19-20 है. मैं मानती हूं कि ये हॉट है, लेकिन ये खुद कैसे सोच सकता है कि ये हॉट है. इसको ये कैसे लगता है कि ये मुझसे ज्यादा हॉट है.

बता दें कि स्वरा और फहाद ने 16 फरवरी 2023 में शादी की थी. उन्होंने कोर्ट मैरिज की. दोनों अपनी शादी में काफी खुश हैं. शादी के बाद स्वरा को बेटी हुई. उन्होंने बेटी का नाम राबिया रखा. स्वरा और फहाद की शादी काफी चर्चा में रही थी.

इटली के सिसिली में लव एंड वॉर का ग्रैंड क्लाइमैक्स शूट!

संजय लीला भंसाली **बॉलीवुड** फिल्मकार संजय लीला भंसाली अपनी आने वाली फिल्म लव एंड वॉर का ग्रैंड क्लाइमैक्स शूट इटली के सिसिली में कर सकते हैं.

संजय लीला भंसाली की फिल्म लव एंड वॉर ने अपनी घोषणा के बाद से हलचल मचा दी है. इस फिल्म में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे दमदार स्टार्स हैं, जिन्हें एक साथ देखने के लिए फैंस बेसब्री से इंतज़ार कर रहे हैं. सुर्खियों में बनी अपनी इस फिल्म को संजय लीला भंसाली इसके क्लाइमैक्स के साथ ग्लोबल लेवल पर लेकर जाने की तैयारी में हैं. फिल्म लव एंड वॉर की लगभग 125 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है. हाल के समय में फिल्म की मुंबई के एक बड़े सेट में इसके बड़े शेड्यूल की शूटिंग चल रही है. बताया जा रहा है कि भंसाली ,लव एंड वॉर को इंटरनेशनल ले जा रहे हैं. भंसाली इस फिल्म का क्लाइमैक्स सीन इटली के सिसिली में शूट करने जा रहे हैं. यह पूरा शेड्यूल शहरभर में प्लान किया गया है, जो फिल्म के सबसे शानदार शूट्स में से एक होगा.

फिल्म से जुड़े एक सोर्स ने बताया है कि फिल्म लव एंड वॉर का क्लाइमेक्स कहानी को एक ड्रामेटिक मोड़ देगा. इसमें संजय लीला भंसाली फिल्म के लीड्स रणबीर, आलिया और विक्की की शानदार एक्टिंग को सबसे खास तरीके से पेश करेंगे. संजय लीला भंसाली को बड़े और ड्रामेटिक सीन शूट करना पसंद है, और फिल्म लव एंड वॉर का क्लाइमेक्स सबसे बेहतरीन ड्रामे से भरपूर होगा, जिसके बैकड्रॉप में रोमांस देखने मिलेगा. वह सिसिली की अलग-अलग जगहों पर एक लंबे क्लाइमेक्स सीन की शूटिंग करने वाले हैं.

राजेंद्र लाल रॉय चौधरी के किरदार में नजर आयेंगे दिब्येंदु भट्टाचार्य

जानेमाने अभिनेता दिब्येंदु भट्टाचार्य फिल्म द बंगाल फाइल्स में राजेंद्र लाल रॉय चौधरी के किरदार में नजर आयेंगे.

बहुप्रतीक्षित फिल्म द बंगाल फाइल्स में दिब्येंदु भट्टाचार्य एक अहम् किरदार निभा रहे हैं, जो पहले से ही चर्चा में है. रॉकेट बॉयज़ और सैक्रेड गेम्स जैसे प्रोजेक्ट्स में अपनी शानदार परफॉर्मेंस के लिए मशहूर दिब्येंदु, इस बार रहस्यमयी राजेंद्र लाल रॉय चौधरी के रूप में दर्शकों को फिर से मंत्रमुग्ध करने वाले हैं.

दिब्येंदु ने कहा , विवेक और मैं लंबे समय से साथ काम करते आए हैं. हमने साथ में फिल्म गोल की थी. जब उन्होंने मुझे यह रोल ऑफर किया, तो मैंने तुरंत हाँ कह दी, क्योंकि मैं एक रोल प्लेयर हूँ. यह बहुत दिलचस्प और दमदार कैमियो है. ऐसे रोल्स मुझे हमेशा ही आकर्षित करते हैं.

राजेंद्र लाल रॉयचौधरी का किरदार निभाना मेरे लिए बेहद खास अनुभव रहा. वह एक ऐसा इंसान है, जो आपको सतह से आगे सोचने को मजबूर करता है. यह हीरो या विलेन की कहानी नहीं है, बल्कि इंसान की जटिलताओं को दिखाता है. यह फिल्म बंगाल के विभाजन पर आधारित एक बड़ी स्क्रिप्ट पेश करती है. सिनेमा एक आर्ट है और दर्शक इसे अलग-अलग स्तर पर महसूस कर सकते हैं.

पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति को लिखा पत्र

द बंगाल फाइल्स फिल्म की निर्माता और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने फिल्म को बंगाल में रिलीज करने की अपील की है. विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी द बंगाल फाइल्स 5 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है. हालांकि, इस फिल्म का बंगाल में विरोध हो रहा है और इसे वहां रिलीज ना करने की बात कही जा रही है.

इसे लेकर फिल्म निर्माता और अभिनेत्री पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर बंगाल में रिलीज करने की अपील की है. 'द बंगाल फाइल्स' की निर्माता पल्लवी जोशी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखा है और फिल्म को बंगाल में रिलीज करने की अपील की है. उन्होंने लिखा, 'राष्ट्रपति महोदया, भारी मन से, मैं आपसे अनुरोध करती हूं, किसी एहसान के लिए नहीं, बल्कि सुरक्षा के लिए. 'द बंगाल फाइल्स' फाइल्स ट्रिलॉजी का अंतिम भाग, जो 5 सितंबर को रिलीज हो रहा है. यह 'डायरेक्ट एक्शन डे' के हिंदू नरसंहार और नोआखली की भयावहता और विभाजन के आघात की लंबे समय से दबी हुई सचाई को बयां करता है.' आगे पत्र में लिखा, 'पश्चिम बंगाल में, सचाई घेरे में है.

फिल्म पूरी होने से कई साल पहले, मुख्यमंत्री ने फिल्म का मजाक उड़ाया. तब से, बेबुनियाद एफआईआर दर्ज की गई हैं, पुलिस ने हमारे ट्रेलर को रोक दिया है, और अखबार भी विज्ञापन देने से बचते हैं. मेरे परिवार को हर दिन राजनीतिक पार्टी के कार्यकर्ता धमकाते हैं.

फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने के बाद 82वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाई गई.भारतीय सेना के एक सैनिक की माँ, शुक्ला बंदोधाप्याय के जीवन से प्रेरित फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर एक सैन्य परिवार के त्याग, साहस और प्रेम की दिल छू लेने वाली कहानी पेश करती है .

फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर ने किया लोगों को प्रभावित

फिल्म फाइटर में ऋतिक रोशन और दीपिका पादुकोण के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू करने वाले अभिनेता ऋषभ साहनी ने अब अपनी दूसरी फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर के साथ अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपनी पहचान बनाई है.

कोलकाता में जन्मीं फिल्मकार इंदिरा धर द्वारा निर्देशित, फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर कान फिल्म फेस्टिवल में प्रदर्शित होने के बाद 82वें वेनिस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में भी दिखाई गई.भारतीय सेना के एक सैनिक की माँ, शुक्ला बंदोधाप्याय के जीवन से प्रेरित फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर एक सैन्य परिवार के त्याग, साहस और प्रेम की दिल छू लेने वाली कहानी पेश करती है. इस फिल्म में दमदार कलाकार दिव्या दत्ता और नीरज काबी हैं और ऋषभ साहनी ने इसमें एक खास भूमिका निभाई है, जो एक अभिनेता के रूप में उनकी कला को दर्शाती है. ऋषभ साहनी ने कहा, दिव्या जी की सादगी और भावनात्मक गहराई और नीरज सर की गंभीरता और समर्पण फिल्म को एक अलग ही स्तर पर ले जाते हैं. ऐसे दमदार कलाकारों के साथ एक ही फ्रेम में होना मेरे लिए गर्व की बात है.

फिल्म इकोज़ ऑफ वैलोर सबसे पहले मई में कान फिल्म फेस्टिवल में सुर्खियों में आई थी, जहां फिल्ममेकर शेखर कपूर ने इंडिया पवेलियन में इसे लॉन्च किया था. वहाँ इसे मिली अच्छी प्रतिक्रिया ने फिल्म के वेनिस प्रदर्शन का रास्ता तैयार किया, जिससे निर्देशक इंदिरा धर की बढ़ती अंतर्राष्ट्रीय पहचान को और भी मजबूती मिली है. ऋषभ साहनी के लिए यह फिल्म उनके करियर में एक बड़ा पड़ाव है. फाइटर जैसी एक्शन फिल्म से अब वह एक कहानी-आधारित फिल्म की ओर बढ़े हैं, जिसे अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिल रही है.

सुपर डांसर चैप्टर 5 में लौटेगा नब्बे के दशक का जादू

बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न के शो सुपर डांसर चैप्टर 5 में खास मेहमान के रूप में नजर आयेंगी. इस वीकेंड सुपर डांसर अपने दर्शकों को 90 का जादू थीम के साथ एक नॉस्टैल्जिक सफर पर ले जाने वाला है. शो में बॉलीवुड दिवा करिश्मा कपूर स्पेशल गेस्ट बनकर शिरकत करेंगी. शो के बेहद टैलेंटेड कंटेस्टेंट्स अपने सुपर गुरुओं के साथ मिलकर 90 के दौर के कलाकारों को ट्रिब्यूट देंगे. वे उनके आइकॉनिक गानों और कभी न भूले जाने वाले डांस नंबर्स पर परफॉर्म करेंगे.

करिश्मा कपूर ने बताया,90 के दशक एक अलग ही समय था. तब सोशल मीडिया नहीं था और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया की मौजूदगी भी आज जितनी नहीं थी. इसलिए हमें डबल मेहनत करनी पड़ती थी और बहुत लगन से काम करना पड़ता था. मेरे हिसाब से वो एक खूबसूरत वक्त था और शानदार दौर. आज जब ये स्टेज 90 के दशक का जश्न मना रहा है, तो ये बहुत इमोशनल और खास महसूस करने जैसा है. शिल्पा शेट्टी, जिन्होंने करिश्मा के साथ स्क्रीन शेयर किया है, ने उनकी मेहनत और लगन की तारीफ करते हुए कहा , लोग सोचते हैं कि शायद करिश्मा को सबकुछ (सफलता) बिना मेहनत के मिल गया, या फिर सिर्फ इसलिए क्योंकि वो कपूर फैमिली से आती हैं.

बागी 4 का नया गाना मरजाना जारी

बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ जल्द ही फिल्म बागी 4 में नजर आएंगे और इसमें उनकी जोड़ी हरनाज संधू के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे. बागी 4 की एडवांस बुकिंग शुरू हो गई है. यह फिल्म 5 सितंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.

अब इससे पहले निर्माताओं ने फिल्म बागी 4 का नया गाना मरजाना जारी कर दिया है.बागी 4 को बी प्राक और सिद्धांत मिश्रा ने मिलकर गाया है, जबकि इसके बोल समीर अंजान ने लिखे हैं. इस फिल्म में संजय दत्त भी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं. वह एक खतरनाक विलेन की भूमिका में नजर आएंगे.

सोनम बाजवा भी इस फिल्म का हिस्सा हैं. बागी 4 के निर्देशन की कमान ए हर्ष ने संभाली है, जिन्होंने भजरंगी और वेधाजैसी कन्नड़ फिल्मों के लिए जाना जाता है. साजिद नाडियाडवाला ने इस फिल्म का निर्माण किया है.

दीपिका कक्कड़ की थेरेपी के बीच हुई और हालत खराब

अभिनेत्री दीपिका कक्कड़ का हाल इस वक्त बहुत बुरा है. भले ही उनके लिवर से कैंसरग्रस्त ट्यूमर निकाला जा चुका हो, लेकिन वह इसके दुष्प्रभावों से अब भी जूझ रही हैं. पहले वह अल्सर से परेशान थीं और अब टारगेटेड थेरेपी के बीच उन्हें वायरल इंफेक्शन हो गया है. दीपिका बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस कर रही हैं. उनकी तबीयत फिलहाल बिल्कुल ठीक नहीं है. उन्होंने खुद अपना हाल प्रशंसकों को बताया है.दीपिका की जून 2025 में लिवर कैंसर की सर्जरी हुई थी. इसके बाद जुलाई से उनकी टारगेटेड थैरेपी शुरू हो गई थी. दीपिका ने अपने एक व्लॉग में बताया था कि इस थैरेपी के कारण वह साइड इफेक्ट्स से जूझ रही हैं. और अब उन्हें वायरल इंफेक्शन भी हो गया है. इसे कारण उनकी हालत बहुत बुरी हो गई है.

दीपिका ने व्लॉग में कहा, मेरी हालत काफी खराब है. मुझे भी बेटे रुहान जैसा वायरल इंफेक्शन हो गया है.दीपिका बोलीं, दरअसल, मेरा इलाज चल रहा है, जिससे मेरी इम्युनिटी काफी कम हो गई है. डॉक्टर ने हमें पहले ही बता दिया था कि अगर मुझे कोई वायरल इंफेक्शन या बुखार हो जाए तो उनसे संपर्क करना जरूरी है. मुझे एंटीबायोटिक्स और एंटी-एलर्जी दवाओं की हेवी डोज दी जा रही है, जिसका मुझ पर असर हो रहा है. उम्मीद है मैं जल्द ही ठीक हो जाऊंगी. कल मुझे बहुत कमजोरी महसूस हुई थी.इससे पहले दीपिका ने बताया था कि उन्हें टारगेटेड थेरेपी की गोलियां लेते हुए 1 महीने से ज्यादा हो गया है. इसके कारण उन्हें अल्सर, हथेली पर चकते, नाक और गले में दिक्कतें होने लगीं. उनके बाल भी काफी झड़ रहे हैं.दीपिका कक्कड़ ने मई 2025 में ने सोशल मीडिया पर बताया था कि उन्हें स्टेज 2 लिवर कैंसर है. वह सिलेब्रिटी मास्टरशेफ का हिस्सा थीं.

फिल्म निशांची का ट्रेलर रिलीज

एमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज़ इंडिया ने आज अपनी आने वाली फिल्म निशानची का ट्रेलर रिलीज कर दिया है.

अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म निशानची की कहानी दो जुडवा भाइयों बबलू और डबलू की रोमांचक ज़िंदगी पर आधारित है, जो एक-दूसरे की तरह दिखते तो हैं लेकिन उनके विचार और मान्यताएँ बिल्कुल अलग हैं. इस फिल्म का निर्माण अजय राय और रंजन सिंह ने जार पिक्चर्स के बैनर तले, फ्लिप फिल्म्स के सहयोग से किया है. पटकथा प्रसून मिश्रा, रंजन चंदेल और अनुराग कश्यप ने लिखी है. वेदिका पिंटो, मोनिका पंवार, मोहम्मद जीशान अय्यूब और कुमुद मिश्रा जैसे बहुमुखी कलाकारों की महत्वपूर्ण भूमिकाओं के साथ, निशांची 19 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है.

निशांची का ट्रेलर दर्शकों को 2000 के दशक की शुरुआत में, सीधे उत्तर प्रदेश के छोटे से शहर की चहल-पहल भरी गलियों में ले जाता है, जहाँ बबलू निशानची, रंगीली रिंकू और डबलू की ज़िंदगियां अचानक और अनोखे तरीके से टकराती हैं. रोमांच, कॉमेडी और देसी अंदाज़ से भरपूर, इस ट्रेलर में विद्रोह, रोमांस और प्रतिद्वंद्विता को समान रूप से दर्शाया गया है.

निशांची में बबलू और डबलू का किरदार निभा रहे ऐश्वर्य ठाकरे ने कहा, निशानची हमेशा मेरे दिल के बहुत करीब रहेगी, सिर्फ इसलिए नहीं कि यह मेरी पहली फिल्म है, बल्कि इसलिए भी कि इसने मुझे अपने कई अलग-अलग पहलुओं को जानने का मौका दिया. ऐसी दोहरी भूमिका में अभिनय करना जो भावनात्मक, शारीरिक और अभिनेता के रूप में हर तरह से विपरीत हैं, मुझे चुनौतीपूर्ण लगा. साथ ही, फिल्म के संगीत में योगदान देना भी उतना ही खास था. मेरे लिए, अभिनय और संगीत बबलू और डबलू की तरह हैं. मेरे व्यक्तित्व के दो अलग-अलग पहलू जो एक-दूसरे को संतुलित और पूरा करते हैं. मैं नर्वस हूँ, लेकिन साथ ही उत्साहित भी, कि आखिरकार इस दुनिया को सबके साथ साझा करने के लिए. अनुराग सर की मार्गदर्शन में इस यात्रा के दौरान, मैंने हर सीन, हर नोट में कुछ नया मिला. एमेज़ॅन एमजीएम स्टूडियोज़ इंडिया के साथ अपना डेब्यू करना, जो साहसी और ऑरिजिनल कहानियों का घर है, वास्तव में मेरे लिए सम्मान की बात है.